# म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि.

वन भवन, ब्लॉक–सी, प्रथम तल, लिंक रोड़ नं.–2, तुलसी नगर भोपाल 462003

क्र./वविनि/प्रशा./2024/4517 भोपाल, दिनांक 18/11/2024

**विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजन (निःशक्तजन) की भर्ती हेतु विज्ञापन**
**"वॉक–इन–इन्टरव्यू" के माध्यम से की जानी वाली भर्ती हेतु**

**//विज्ञापन//**

मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ–3/3/4/0001/2024–1–10 दिनांक 21.10.2024 तथा मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग परिपत्र क्रमांक एफ–8–2/2013/आप्र/एक, भोपाल दिनांक 04 जुलाई 2022 एवं परिपत्र क्रमांक एफ–06–01/2002/आप्र/एक दिनांक 21.7.2022 एवं ज्ञाप क्रमांक एफ–8–2/2013/आप्र/एक दिनांक 04.01.2024 के अनुपालन में म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. के अधीनस्थ कार्यालयों के अंतर्गत दिव्यांगजन (निःशक्तजन) हेतु चिन्हांकित रिक्त पद की "वॉक–इन–इन्टरव्यू" के माध्यम से भर्ती अभियान के तहत पूर्ति हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिव्यांग (निःशक्त) उम्मीदवारों से आवेदन पत्र दिनांक **05 दिसम्बर 2024 तक** आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पद का विवरण, शैक्षणिक योग्यताएं एवं शर्तें निम्नानुसार हैः–

| पदनाम | कार्यालय का नाम जहां भर्ती की जाना है | पद श्रेणी | वेतनमान | श्रेणीवार रिक्त पदों की संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टि बाधित एवं कम दृष्टि | बहरे एवं कम सुनने वाले | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | आटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| निज सहायक | म.प्र. राज्य वन विकास निगम | तृतीय | 32800-103600 | 0 | 0 | 1 | 0 | **1** |
| वरिष्ठ लेखापाल | | तृतीय | 28700-91300 | 0 | 1 | 1 | 0 | **2** |
| लेखापाल | | तृतीय | 22100-70000 | 1 | 1 | 2 | 1 | **5** |
| कार्यालय सहायक | | चतुर्थ | 16100-50900 | 2 | 2 | 2 | 1 | **7** |

**शैक्षणिक योग्यता :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निज सहायक | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक एवं मान्यता प्राप्त संस्थाओं/परिषद से आयोजित हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र तथा निम्नलिखित मान्यता प्राप्त संस्थाओं में से किसी एक संस्था से कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण :–<br>i- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्व विद्यालय/मुक्त विश्व विद्यालय से डिप्लोमा<br>ii- डी.ओ.ई. ए.सी.सी. से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा<br>iii- शासकीय पोलिटेक्नीक कॉलेज से माडर्न आफिस मैनेजमेंट कोर्स<br>iv- शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण–पत्र<br>v- राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (N.C.V.T.) नई दिल्ली अथवा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (S.C.V.T.) मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र<br>2. इस पद हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) उत्तीर्ण प्रमाण पत्र स्कोर कार्ड धारित करना अनिवार्य है। |
| 2 | वरिष्ठ लेखापाल | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम 55 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण । |
| 3 | लेखापाल | (1) 10+2 पद्धति से हायर सेकेण्डरी वाणिज्य विषय से द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण एवं निम्नलिखित मान्यता प्राप्त संस्थानों से किसी एक संस्था से कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण –<br>i- यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्व विद्यालय/मुक्त विश्व विद्यालय से डिप्लोमा<br>ii- डी.ओ.ई. ए.सी.सी. से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा<br>iii- शासकीय पोलिटेक्नीक कॉलेज से माडर्न आफिस मैनेजमेंट कोर्स<br>iv- शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा) प्रमाण–पत्र<br>v- राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (N.C.V.T.) नई दिल्ली अथवा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (S.C.V.T.) मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र<br>अथवा<br>(2) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.कॉम. उत्तीर्ण एवं हिंदी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर का ज्ञान।<br>(3) उक्त अर्हता के अतिरिक्त लेखापाल पद हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (Computer Proficiency Certification Test CPCT) उत्तीर्ण प्रमाण–पत्र स्कोर कार्ड धारित करना अनिवार्य होगा। |
| 3. | कार्यालय सहायक | **आठवी कक्षा उत्तीर्ण।** |

## नियुक्ति हेतु आवश्यक शर्तेः-

1. आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 05/12/2024** होगी। आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से शासकीय अवकाश को छोडकर कार्यालयीन समय प्रात 10.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक कार्यालय म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. वन भवन, सी-ब्लॉक, प्रथम तल, तुलसी नगर भोपाल, 462003 में प्राप्त किये जावेंगे। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
2. आवेदक की आयु-सीमा दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक न हो। आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।
3. आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आवेदक को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किये गये जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. आवेदक का जिला रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. म0प्र0 शासन के नियम अनुसार जिनकी दो से अधिक जीवित संतान है, तथा उनमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 के पश्चात हुआ हो तो ये आवेदन करने की पात्र नहीं होगे।
7. विज्ञापन/वेबसाईट में दर्शाये गये आवेदन पत्र के प्रारूप में ही आवेदन पत्र स्वीकार होगा। अन्य प्रारूप मे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगें। आवेदन पत्र पर पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो लगाना अनिवार्य होगा। आवेदन की शर्तें पूर्ण न करने अथवा अपूर्ण आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। इस संबंध में अलग से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।
8. आवेदन पत्र के साथ निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां सत्यापित कर लगाना अनिवार्य होगा।
9. चयनित उम्मीदवार का पुलिस विभाग से चरित्र सत्यापन करवाया जावेगा। अनुकूल नहीं पाये जाने पर नियुक्ति बिना कारण बताये निरस्त कर दी जावेगी।
10. आवेदक को उनके चयन की सूचना उनके आवेदन पत्र में दर्शाये गये वर्तमान पत्र व्यवहार के पते पर डाक द्वारा दी जावेगी।
11. आवेदन पत्रों को स्वीकार/अस्वीकार किये जाने का अधिकार चयन हेतु गठित समिति का होगा। विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय चयन समिति का ही मान्य होगा।
12. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था/कार्यालय में कार्यरत आवेदनकर्ता को नियोक्ता अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
13. आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण, असत्य या त्रुटिपूर्ण पाई जाती है अथवा वांछित प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया जाता है तो उसके आधार पर आवेदक को सूचना दिये बगैर आवेदन पत्र किसी भी स्तर से निरस्त किया जा सकेगा।
14. बिना किसी पूर्व सूचना के चयन प्रक्रिया को स्थगित या निरस्त करने का अधिकार प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. भोपाल के पास रहेगा।
15. आवेदन पत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्थायी जाति, मूल निवासी, जन्मतिथि, श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछा वर्ग/दिव्यांग आदि) से संबधित प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधित अंकसूची/अभिलेखों की अभिप्रमाणित छायाप्रति (स्वयं के द्वारा प्रमाणित संलग्न की जावे)।
16. केवल यूडीआइडी पोर्टल से सक्षम प्राधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र (डिजीटल प्रमाण-पत्र) ही मान्य किया जावेगा।
17. मेरिट के आधार पर वॉक-इन-इन्टरव्यू के लिए आमंत्रित किया जावेगा।
18. मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष वेतनमान का 70 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में देय होगी।
19. मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र कमांक/एफ-7-19/2019/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 31.05.2024 में दिये निर्देशो के बिन्दु कमांक 2.6 अनुसार शासकीय सेवाओं में जिन दिव्यांगजनों का चयन हुआ है, उनके दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों की जॉच नियुक्ति आदेश के बाद उनके कार्यभार ग्रहण कराने के पूर्व संबंधित जिले के जिला मेडिकल बोर्ड से मेडिकल अनिवार्य है।
20. मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र कमांक/एफ-7-19/2019/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 31.05.2024 में दिये निर्देशो के बिन्दु कमांक 2.7 अनुसार मूक बाधिर श्रेणी के दिव्यांगजनों की शासकीय भर्ती के पूर्व मेडिकल बोर्ड में बैरा टेस्ट (Bera Test) अनिवार्य है।
21. उक्त भर्तियों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी (आवेदन-पत्र के फार्मेट सहित) विभागीय वेबसाइट www.mpsfdc.com पर उपलब्ध हैं, अतः उक्त वेबसाइट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अपर प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि.

प्रति,

प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य वन विकास निगम लि. भोपाल।
वन भवन, सी–ब्लॉक, प्रथम तल,
तुलसी नगर भोपाल, 462003

नवीनतम फोटो हस्ताक्षर सहित

उम्मीदवार का विवरण :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदित पद का नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2 | आवेदक का नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में) | |
| 3 | पिता/पति का नाम | |
| 4 | आवेदक की जन्मतिथि (अंकों में)<br>(शब्दों में) | |
| 5 | जन्म स्थान | |
| 6 | 01.01.2024 को आयु | वर्ष..................माह....................दिन...................... |
| 7 | स्थाई पता | |
| 8 | वर्तमान पता | |
| 9 | ई–मेल | |
| 10 | मोबाईल नंबर | |

11 शैक्षणिक योग्यता (सभी प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रतियॉ संलग्न करें)

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | यदि आप शासकीय सेवक हैं तो<br>कार्यालय/विभाग का नाम<br>पदनाम<br>कार्यरत अवधि<br>नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें। | |
| 13 | रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक | |
| 14 | अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के उम्मीदवार हैं तो जाति/उपजाति का नाम | |
| 15 | मूल निवासी प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें। | |
| 16 | विकलांगता का प्रतिशत<br>सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें। | |
| 17 | विवाहित/अविवाहित | |
| 18 | विवाहित होने की दशा में | 1. विवाह का दिनांक ...............................<br>2. जीवित बच्चों की संख्या ........................<br>3. अंतिम बच्चे का जन्म दिनांक .............................. |
| 19 | अन्य कोई अनुभव हो तो अंकित करें | |
| 20 | संलग्न दस्तावेजों का विवरण | |

आवेदक के हस्ताक्षर ..........................

नाम ......................................................

मोबाईल नंबर ..................................

# घोषणा पत्र

मैं, ....................................................................पिता/पति श्री.....................................................................
उम्र.............................................वर्ष...........................................जाति..........................................................................
निवासी..........................................................................................................................................................
जिला........................................................................राज्य........................................... यह घोषणा करता/करती हूँ, कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दर्शाई गई समस्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है। मैंने उसमें कुछ भी छुपाया नहीं है। मुझे यह संज्ञान है, कि मेरे द्वारा असत्य या भ्रामक जानकारी देने जांच में जानकारी सही नहीं पाये जाने तथा मूल दस्तावेजों के मिलान/जांच में सही नहीं पाये जाने पर मेरे आवेदन पत्र पर की गई समस्त कार्यवाही बिना सुनवाई का अवसर दिये निरस्त/समाप्त कर दी जावे, तथा मेरे विरूद्ध अपराधिक/दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है। साथ ही मुझे प्राप्त समस्त लाभों को भी वापस किया जावेगा।

स्थान ................................
दिनांक ................................

आवेदक के हस्ताक्षर..........................
नाम......................................................
मोबाईल नंबर....................................